हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 नवंबर 2025

06 जिलाधिकारी ने विद्यालय के निरीक्षण में विद्यार्थियों ...



09 दो साल गुजरने पर भी प्राचीन जलाशयों से...





## खबर संक्षेप



### मंत्री नारायण सिंह कुशवाह का सागर दौरा

**सागर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह का सागर जिले का दौरा 19-20 नवंबर को। मंत्री नारायण सिंह कुशवाह 19 नवंबर को रात्रि 09.30 बजे सागर के सर्किट हाउस पहुँचेगें। मंत्री कुशवाहा 20 नवंबर को प्रातः 9 बजे सर्किट हाउस सागर से सिरोंजा के लिए प्रस्थान कर श्री शांतिनाथ धाम में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव और विश्वशांति महायज्ञ में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में सागर संभाग के सामाजिक न्याय, उद्यानिकी तथा एम.पी. एग्रो के अधिकारियों के साथ संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक के पश्चात वे दोपहर 2.30 बजे श्री सिद्ध क्षेत्र बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सम्मिलित होगे, सायं 07.30 बजे सागर से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### युवा संगम का आयोजन 28 नवंबर को

**सागर।** युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 28 नवम्बर की सहोदा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर सागर में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।आवेदको को साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन, संमग्र आई डी, दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। कंपनीयों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा।

### पहली बार डीएलसीसी में हितग्राही और बैंकर्स बैठे साथ, मौके पर ही जानी समस्याएं और निकाला हल

## हितग्राहियों को समय से लोन उपलब्ध कराएं सभी बैंकर्स, अनावश्यक दस्तावेजों की मांग न करें : जिला पंचायत सीईओ विवेक के.वी.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ विवेक के. वी. की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के सभी बैंकर्स, योजनाओं से संबंधित हितग्राही, संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जिले में पहली बार बैंकर्स और हितग्राही बैठक में साथ में बैठे, जिससे कई व्यावहारिक समस्याओं को मौके पर ही सुना, समझा गया और उनका हल निकाला गया।बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने सभी बैंकर्स से कहा कि हितग्राहियों को समय से लोन उपलब्ध हो सके, इस दिशा में सभी को कार्य करना होगा। कोई भी बैंकर हितग्राहियों से अनावश्यक दस्तावेजों की मांग न करे। साथ ही शासकीय योजनाओं से संबंधित लोन प्रकरणों में सभी बैंकर्स एकरूपता लाने के लिए यूनिफाइड सेट ऑफ डॉक्यूमेंट्स के आधार पर कार्य करें, जिससे बिना किसी भ्रम और परेशानी के आसानी से



लोन प्रकरण पूर्ण हो सकें। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स और हितग्राहियों को एक साथ बुलाने का उद्देश्य गैप आइडेंटिफाई कर समस्याओं का हल निकालना है। उन्होंने सभी बैंकर्स और हितग्राहियों से समक्ष में बात भी की।इस अवसर पर लीड बैंक अधिकारी सी. पी. सिंह, आरबीआई, नाबार्ड अधिकारी, समस्त बैंक के नोडल अधिकारी तथा शासकीय ऋण योजनाओं से जुड़े समस्त विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ विवेक के. वी. ने प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु बैंकर्स से आवश्यक सहयोग के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बैंकर्स इस संबंध में पहले से ही दिन और समय निश्चित कर लें, जिससे बैंक अधिकारी और हितग्राही दोनों को आसानी रहे। जिला पंचायत सीईओ ने योजनाओं के लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य अनुरूप ऋण आवेदन जमा करने तथा बैंक को आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शासन की हितग्राही-मूलक योजनाओं के आवेदन, जो विभिन्न पोर्टल पर लंबित हैं, उन्हें निराकृत करने तथा पीएमएफएमई योजना, पशु एवं मत्स्य केसीसी व अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का निर्धारित लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में अनिवार्यतः पूर्ण करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ ने पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों से भी बात की।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि हमें अनावश्यक दस्तावेजों की मांग करने, हितग्राहियों को बार-बार बैंक बुलाने से बचना चाहिए। इससे न केवल हितग्राहियों को समय पर ऋण स्वीकृत हो सकेगा बल्कि बैंकर्स को भी उनके लक्ष्यों अनुसार कार्य करने में आसानी रहेगी।



### सांसद खेल महोत्सव : सशक्त युवा ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है: अभिषेक भार्गव

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का 10 दिवसीय आयोजन गढ़ाकोटा के गणेश मंदिर मैदान परिसर में चल रहा है जिसमें रहली विधानसभा की 64 में हिस्सा लेंगी, 1 दिन में लगभग चार से छः टीमों के मुकाबले होंगे जिसमें वूमेंस टीमों के भी मैच रहेंगे। इसी क्रम में भटौली पिपरिया बनाम दीनदयाल वार्ड गढ़ाकोटा के बीच मुकाबला हुआ जिसमें भटौली पिपरिया विजयी रही। उपविजेता एवं विजेता टीमों को भाजपा युवा नेता अभिषेक भार्गव ने मैडल एवं पुरस्कार वितरित किए, एवं आयोजन समिति के संरक्षक भाजपा युवा नेता अभिषेक भार्गव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र का पसंदीदा खेल है। ग्रामीण क्षेत्रों से टीमें टूनामेंट में हिस्सा लेने आ रही है। युवाओं में अच्छा खासा जोश है जैसे-जैसे ये टूनामेंट आगे बढ़ेगा वैसे वैसे टूनामेंट में आनंद और जोश देखने मिलेगा। आयोजित टूनामेंट में दीनदयाल वार्ड के पार्षद देवेंद यादव आयोजन समिति के सदस्य अमित प्यासी, दीपक बर्मन, इशु जैन सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### रक्तदान शिविर सेवा और जनकल्याण का माध्यम युवा साथी प्रेरक की भूमिका निभाएं : अविराज सिंह

**सागर।** यह रक्तदान शिविर सामाजिक सरोकारों के लिए आयोजित है। सभी संगठन, सामाजिक संस्थाएं व सभी दलों, विचारधाराओं, जाति, भाषा, धर्म के सकारात्मक जन अपना योगदान इस रक्तदान शिविर में दे सकते हैं। यह उद्गार युवा नेता अविराज सिंह ने आगामी 25/26/27 नवंबर को रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित रक्तदान शिविर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक में व्यक्त किए। अविराज सिंह ने कहा कि अपने जन्मदिन को रक्तदान जैसे कल्याणकारी सेवा के प्रकल्प रूप में आयोजित करने की प्रेरणा मुझे मेरे पिता पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह से मिली है। इस शिविर की व्यवस्थाएं भी उनके जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर की तरह ही होंगी। इन व्यवस्थाओं को और बेहतर कैसे बना सकते हैं इस पर हमारा फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे युवा साथी और विशेष रूप से "जेन जी" भी इस रक्तदान शिविर में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे और यह आयोजन उनके जीवन में एक विशिष्ट शिक्षाप्रद अनुभव होगा। युवाओं को यह रक्तदान शिविर योगदान और सृजनात्मक प्रेरणा का अवसर होगा। बैठक में अविराज सिंह ने युवा साथियों को दिए गए दायित्वों के विषय में चर्चा की और सभी टीमों में नये सदस्यों को भी उनकी रुचि व सहमति के साथ दायित्वों से जोड़ा। उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविर आयोजन के लिए अलग से इंस्टाग्राम और फेसबुक पेज बनाया गया है। सभी साथी उन पेजों से जुड़ जाएं और अपने अधिक से अधिक मित्रों व परिचितों को इन सोशल मीडिया अकाउंट्स से जोड़ें। इस प्लेटफार्म पर शिविर में हो रहे रक्तदान व रक्तदाताओं से जुड़ी जानकारियों के फोटो व वीडियो निरंतर अपडेट होते रहेंगे। साथ ही रक्तदाताओं की सूचियां भी इस पर उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि सभी साथी रक्तदान व शिविर की जानकारियों के सूचनात्मक व प्रेरक वीडियो फिल्म्स, रील आदि अधिक से अधिक शेयर करें ताकि आयोजन को सार्थक व सफल बनाया जा सके। अविराज सिंह ने कहा कि पब्लिक आऊटरीच टीमों के सभी सदस्य अपने वार्डों,ग्रामों व कार्यस्थलों पर रक्तदान के महत्व तथा स्वास्थ्य के लिए इसके फायदो की जानकारी देकर रक्तदान हेतु प्रेरित कर शिविर में आमंत्रित करें।

## स्वस्थ महिला ही सशक्त राष्ट्र की जननी है : डॉ प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सागर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में ''मिशन साहसी'' विषय पर त्रिदीवसीय कार्यशाला का आज समापन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन एवं गणमान्य अतिथियों का भारतीय परम्परा के अनुसार स्वागत सत्कार किया गया। इसके उपरान्त सागर की प्रान्त कार्यसमिति सदस्य सुश्री सौम्या तिवारी ने आज के कार्यक्रम की प्रस्तावना बताते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में भारतीय स्त्रीशक्ति सागर मध्यप्रदेश की अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि छात्राओं को अपने जीवन में आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। जिससें सभी छात्राओं को अपने जीवन में सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो, इसके लिए यह भी आवश्यक है कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ स्वास्थ के प्रति भी जागरूक रहे। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में 7



एमपी गर्ल्स वटालियन-एनसीसी सागर की मेजर प्रतिभा तिवारी ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को बताया की हमारे अन्दर सीखने की ललक होनी चाहिए कि हम जिस भी कार्य को करते है उसको पूर्ण रूप सीखे और अपने साथी एवं अपने आस-पास के साथियों को सिखा सके। इसके उपरान्त सागर की प्रान्त छात्रा प्रमुख सुश्री आंचल मिश्रा स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सभी छात्राओं को रानीलक्ष्मी बाई के जयंती पर उनके जीवन चरित्र, जीवन में आने वाली कठिनाई और उनसे साहस पूर्वक किये गये कार्यो का वर्णन करने लक्ष्मी बाई के शौर्य को प्रणाम किया। इसी क्रम में आंचल जी ने वीरांगनाओं का भी वर्णन किया। अधिवक्ता वर्षा ठाकुर ने कहा कि हमारी छात्राओं को विधि ज्ञान की भी जानकारी होनी चाहिए। आपने महिला संबंधी कानून की सभी धाराओं के विषय में छात्राओं के समक्ष रखा। सभी छात्राओं को प्रशिक्षण देने का गुरूतर कार्य सुश्री रीमा ठाकुर द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में 60 छात्राओं ने मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण की पूर्णतः पर सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन एवं आभार ज्ञापन सुश्री अराधना सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम सम्पन्न वन्दे मातरम के साथ हुआ।

### जल शोधन संयंत्र कर्मचारियों को फायर सुरक्षा प्रशिक्षण

सागर। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की सागर इकाई के अंतर्गत जल शोधन संयंत्र कर्मचारियों को फायर सुरक्षा (फायर सेफ्टी) प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन राजघाट स्थित जल शोधन संयंत्र परिसर में किया गया। प्रशिक्षण मोनू खटीक ने दिया और समन्वय महेश चौरसिया ने संभाला। गौरतलब है कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों को जल शोध्न संयंत्र में आग जैसी आपात स्थिति से निपटने की दक्षता और सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करना है। सागर इकाई के सामुदायिक विकास अधिकारी महेश चौरसिया ने बताया कि संयंत्र के संचालन के दौरान सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए इस तरह का प्रशिक्षण नियमित रूप से दिया जाएगा।

### संस्कृत विभाग में संविधान प्रस्तावना कंठस्थी करण प्रतियोगिता का आयोजन

**सागर ।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के संस्कृत विभाग में संविधान प्रस्तावना कंठस्थीकरण का आयोजन 21 नवम्बर को संस्कृत विभाग सभागार में किया जा रहा है। विदित है कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय गणराज्य के द्वारा भारतीय संविधान का अंगीकरण किया गया था । वर्ष 2025 संविधान अंगीकरण का हीरक जयंती वर्ष है। भारत वर्ष के विभिन्न संस्थानों में इस निमित्त विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । विश्वविद्यालय के द्वारा भी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में एतदर्थ यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है प्रतियोगिता की संयोजिका डा किरण आर्या ने बताया कि इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें सहभाग करेंगे जिसमें उनके द्वारा संविधान की प्रस्तावना को स्मरण कर उसका शुद्ध और स्पष्ट बोधगम्य वाचन किया जायेगा तथा निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के मूल्यांकन के आधार पर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा।

### विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 में लापरवाही पर चार बीएलओ को किया निलंबित

**सागर।** कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य में गंभीर लापरवाही और कर्तव्य में अनदेखी के चलते विधानसभा क्षेत्र 041 सागर के चार बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य जिले के विधानसभा क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है। जिसके परिप्रेक्ष्य में विधानसभा क्षेत्र 041 सागर में मैपिंग कार्य हेतु बीएलओ नियुक्त किए गए थे जिनमें शरद मिश्रा, कर संग्राहक, नगर निगम सागर मतदान केन्द्र क्रमांक 95, राधा शुक्ला, आशा कार्यकर्ता मतदान केन्द्र क्रमांक 207, भूपेन्द्र साहू, कर संग्राहक, नगर निगम सागर मतदान केन्द्र क्रमांक 68,अंजली अहिरवार, आंगनवाड़ी सहायिका मतदान केन्द्र क्रमांक 05 ।

## कांग्रेस ने रानी लक्ष्मीबाई, इंदिरा गांधी और जमना देवी की जन्म जयंती मनाई



**सागर।** भारत की वीरता की प्रतीक महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व.इंदिरा गांधी और आदिवासी वर्ग की सशक्त आवाज, मध्यप्रदेश की पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व.जमना देवी की जन्म जयंती को कांग्रेसजनों ने मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी के मुख्यातिथ्य में पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। जहां कांग्रेसजनों ने वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई, देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी और मध्यप्रदेश की पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. जमना देवी के चित्र पर माल्यर्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश राय, सेवादल के प्रदेश महामंत्री विजय साहू, पूर्व सरपंच शरद राजा सेन, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी, रवि उमाहिया आदि ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी और पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व.जमना देवी के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री अशरफ खान, राजपाल सिंह, राजेश श्रीवास, यूनुस खान, अरविन्द कोरी, पवन राय, कन्नू कोरी, शैलेन्द्र अहिरवार, सत्यम सिंह आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

### मधुकर शाह व सिविल लाइन वार्ड में "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचैपाल कार्यक्रम आयोजित

## चुनावी संकल्प पत्र के वादे अनुसार नाले का निर्माण कर जलभराव की समस्या का समाधान किया : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा आयोजित "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचैपाल कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को महापौर संगीता सुशील तिवारी की उपस्थिति में मधुकर शाह और सिविल लाइन वार्ड में किया गया।इस अवसर पर महापौर ने कहा कि जुलाई 2022 में अत्यधिक बारिश होने के कारण मधुकर शाह वार्ड में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई थी तथा लंबे समय से यहां के नागरिक बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से जूझ रहे थे।

इस समस्या का निराकरण करने के लिए चुनावी संकल्प पत्र में शामिल किया और उसको पूरा करते हुए सिविल लाइन एवं मधुकर शाह वार्ड को जोड़ने वाले नाले का पक्का निर्माण कराया जिससे इस क्षेत्र में जलभराव की समस्या स्थायी रूप से समाप्त हो गई है। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों, मजदूरों, महिलाओं और आमजन के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नगर निगम भी इसी दिशा में कार्य करते हुए शासन की सभी योजनाओं का लाभ वंचित




रह गए पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपने वार्ड को स्वच्छ, सुंदर बनाने तथा जल के अपव्यय को रोकने में सहयोग करने की अपील की।

पूर्व पार्षद डॉ. डी.पी. चैबे ने पहली बार वार्ड स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन को सराहनीय बताते हुए महापौर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से नागरिकों की समस्याओं का निराकरण होगा तथा लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने में परेशान भी नहीं होना पड़ेगा।वहीं पार्षद रोशनी बसीम खान ने कहा कि महापौर द्वारा सभी वार्डों में बिना भेदभाव करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए गए हैं और वे सदैव नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहती हैं।

अंबिका प्रसाद यादव ने कहा कि महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचैपाल कार्यक्रम का आयोजन कर एक अभिनव पहल प्रारंभ की है। इसमें नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण आसानी से होगा तथा शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए लोग भी लाभान्वित होंगे, मैं महापौर और उनकी टीम को साधुवाद देता हूं।जनचैपाल में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएँ एवं सुझाव प्रस्तुत किए। महापौर ने कई शिकायतों के मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए तथा अन्य मामलों में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। नागरिकों ने नालियों की सफाई, जल निकासी, पेयजल व्यवस्था, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, आवास योजनाओं सहित अन्य अपनी समस्याएँ रखीं। महापौर ने आश्वासन दिया कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के हर क्षेत्र का संतुलित विकास सुनिश्चित करना है।

शिविर में संबलकार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, पीएम स्वनिधि, राशन पर्ची, जलप्रदाय, लोककर्म, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, पीएम आवास योजना बीएलसी, विवाह पंजीयन व अतिक्रमण से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निराकरण के निर्देश महापौर ने संबंधित अधिकारियों को दिए।

कार्यक्रम में महापौर संगीता सुशील तिवारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुशील तिवारी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर एम आई सी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, पार्षद रिचा सिंह, रोशनी बसीम खान, रुबी कृष्ण कुमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि सोमेश जड़यिा, शैलेष जैन, युवा भाजपा नेता रिशांक तिवारी, दुर्गेश यादव, आनंद तिवारी, महेश तिवारी, दीपिका मालवीय, रघुराज सिंह ठाकुर, शुभम नामदेव उपस्थित रहे।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### अटल आवासीय विद्यालय में मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक

# जिलाधिकारी ने विद्यालय के निरीक्षण में विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आयुक्त, झांसी मण्डल, झांसी बिमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों के साथ अटल आवासीय विद्यालय में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की, जिसमें मण्डलायुक्त ने वर्चुअल प्रतिभाग किया, बैठक में विद्यालय के प्रबंधन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, साथ ही जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्र-छात्राओं के साथ भोजन गृहण भी किया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारम्परिक रुप से अतिथियों का स्वागत किया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना गरीब तबके के बच्चों के लिए की गई है, इनके लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं की जायें, बच्चों के लिए विद्यालय में अच्छा परिवेश, अच्छा खाना, अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा खेल सहित सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए। इसके लिए बच्चों को पर्याप्त खेलने का समय दिया जाए, शाम को खेलने का समय बढ़ाया जाए, ताकि वे शारीरिक रुप से भी मजबूत हो सकें।




शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय को प्रत्येक परीक्षा के उपरान्त समस्त विद्यार्थियों का अंको के आधार पर क्लासीफिकेशन कर सेक्शनवाइज शैक्षणिक प्रगति रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी और उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिये। सुरक्षा के दृष्टिगत मण्डलायुक्त ने विद्यालय में संचालित मेस में टीनशैड निर्माण के साथ-साथ में गैस सिलेण्डर हेतु भूमिगत सिलेण्डर स्टोरेज/सिलेण्डर बैंक का निर्माण कराने हेतु निर्देश दिये। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी को विद्यालय में कैम्प लगाकर एलोपैथ चिकित्सक के साथ आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों से ओवरऑल चेकअप कराने, डाइटेशियन उपलब्ध कराने, डाइट चार्ट बनाने, हर बच्चे का मेडीकल कार्ड बनाने के निर्देश दिये।

बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी ने खेल मैदान की स्थापना के लिए विद्यालय के समीप 10 एकड़ भूमि का निरीक्षण कर चिन्हित किया एवं निर्देश दिये कि जिला प्रशासन उक्त भूमि पर विद्यार्थियों के लिये खेल मैदान बनाकर तैयार करेगा, जिससे पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का शारीरिक विकास भी हो सके। उन्होंने विद्यालय में संचालित कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन को देखा और बच्चों से प्रश्न भी पूछे। उन्होंने बच्चों से विद्यालय की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और उनके साथ भोजन ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अंकुर श्रीवास्तव, संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी आर0 राना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप श्रम आयुक्त झांसी किरन मिश्रा, अधीक्षण अभियंता विद्युत वीर भद्र सत्यार्थी, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय विशाल सिंह, सहायक अभियंता, निर्माण खंड (भवन), लोनिवि, झांसी एसके सिंह, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन), लोनिवि, झांसी डीके मिश्र, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार, प्रधानाचार्य जियालाल सहित ग्राम प्रधान व समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- बच्चों के लिए खेल मैदान हेतु विद्यालय के पास 10 एकड़ भूमि को किया चिन्हित
- विद्यालय में कैम्प लगाकर एलोपैथ, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों से बच्चों का ओवरऑल चेकअप कराने के दिये निर्देश
- विद्यालय के मेस में टीनशैड निर्माण के साथ-साथ गैस सिलेण्डर हेतु भूमिगत सिलेण्डर स्टोरेज बनाने के दिये निर्देश

# खराब प्रगति पर समुदाय मैनेजरों को फटकार सुधार नहीं तो सेवा समाप्त करने की चेतावनी

### जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला स्तरीय शासी निकाय की बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की एक-एक कर गहन समीक्षा की और लपरवाह अधिकारियों व चिकित्सकों को फटकार लगायी और वेतन रोकने की कार्यवाही करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया।

बैठक के दौरान विकासखण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बार और बिरधा में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति खराब होने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि अगली बैठक तक स्वास्थ्य सेवाओं के सभी पैरामीटर्स में अपेक्षित सुधार न हुआ तो जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर व ब्लॉक कम्युनिटि प्रोसेस मैनेजर को कारण बताओ नोटिस के साथ चेतावनी दी कि यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। इसके अलावा बैठक में अनुपस्थित रहने व कार्य में शिथिलता व लापरवाही पाये जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी जखौरा का एक दिन का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण तलब किया गया। मड़ावरा और महरौनी सहित सभी विकासखण्डों में पिछले वर्ष की अपेक्षा संस्थागत प्रसव कम होने पर जिलाधिकारी ने चिंता व्यक्त करते हुए थर्ड पार्टी यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ व जिला कार्यक्रम अधिकारी से जांच कराने के निर्देश दिये, जिससे स्पष्ट हो सके कि संस्थागत प्रसव में कमी किन कारणों से आ रही है। प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विकासखण्डों में नवीन प्रसव इकाईयां तैयार कराकर सभी प्रसव संस्थागत कराना सुनिश्चित करें, इसके लिए उन्होंने सभी को निर्देश दिये कि वह आशा और एएनएम को ट्रेनिंग कराकर सक्रिय करें कि कोई भी प्रसव बाहर न हो। नियमित टीकाकरण के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सभी केन्द्रों पर शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने - अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन मशीनें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, डीपीआरओ कुंवर सिंह यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला कार्यक्रम अधिकाीर नीरज सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश भारती, डीपीएम रजिया फिरोज आदि लोग मौजूद थे।

### एसआईआर की प्रक्रिया 4 दिसंबर तक

# अवशेष बीएलओ जल्द नियुक्त करें दल

**ललितपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निर्देशों का हवाला देते हुये बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य किया जा रहा है।

उक्त कार्य में बी.एल.ओ. को बूथ लेवल एजेण्ट्स से सहयोग एवं समन्वय स्थापित किये जाने के दृष्टिगत समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अपने दल के बूथ लेवल एजेण्ट्स को नियुक्त जाने की अपील की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 10 नवम्बर 2025 के माध्यम से भी समस्त राजनैतिक दलों को बी.एल.ए. नियुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त के क्रम में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ आयोजित बैठकों 29 अक्टूबर 2025 एवं 06 नवम्बर 2025 एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति संख्या-498 तेरह नवम्बर के अनुरोध के क्रम में जनपद के कुल 1063 मतदेय स्थलों के सापेक्ष अब तक भाजपा द्वारा-1063, सपा द्वारा-1023, बसपा द्वारा 420 एवं इण्डियन नेशनल कॉग्रेस द्वारा 518 बी.एल.ए.को नियुक्त कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करायी जा चुकी है।

उक्त के परीक्षणोपरान्त बसपा को अपने अवशेष 643, सपा अवशेष-40 एवं इण्डियन नेशनल कॉग्रेस को अपने अवशेष 545 मतदेय स्थलों पर बी.एल.ए. तथा जनपद में सक्रिय शेष दलों यथा आप एवं अपना दल (सोने लाल) से अपेक्षा है कि वे समस्त-1063 मतदेय स्थलों पर अपने बी.एल.ए. यथाशीघ्र नियुक्त करें ताकि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में सम्बन्धित बी.एल.ओ. के साथ परस्पर सहयोग एवं समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण पुनरीक्षण कार्य जनपद में ससमय सम्पादित किया जा सकें।

## आटा चक्की की दुकान में घुसकर लूटपाट करने का आरोप

**ललितपुर।** आटा चक्की की दुकान में घुसकर लूट की घटना को अंजाम देकर लाठी-डण्डों का भय दिखाकर मारपीट करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मजरा गुजरातन में रहने वाले केहर सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि मंगलवार को अपराह्न 1 बजे जब वह घर में था, तभी गांव के दबंग लोगों ने एकराय होकर जमीनी रंजिश को लेकर आये और गालियां देते हुये आटा चक्की की दुकान में घुस गये। आरोप है कि दुकान में पिसाई का रखा करीब 700 रुपया लूटकर लाठी-डण्डों का भय दिखाने लगे। इसी बीच खेत से लौट रहे कृपाल सिंह पुत्र शिवप्रसाद, रघुवीर सिंह पुत्र बुद्दे ने उन्हें देखा और ललकारा, तब उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़ित ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### पुलिस देख जेसीबी लेकर भागे तीन दर्जन से अधिक लोग

# स्थगन आदेश के बावजूद जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास रोका

**ललितपुर।** सिविल जज सीनियर डिवीजन की न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त होने के बावजूद भी दबंगों द्वारा जबरन जमीन पर भारी-भरकम मशीनों को ले जाकर बलपूर्वक अवैध कब्जा करने का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में ग्राम पनारी निवासी जाकिर खां उर्फ जाकिर राज चौहान पुत्र स्व.सगीर खां ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे वह अपने घर में था। तभी लेखपाल, कानूनगो व राजस्व कर्मी एकत्र होकर आये और उससे कहा कि एसडीएम के आदेश पर जमीन की नाप करना है। प्रकरण में जब आराजी नं. 207 व 208 का सिविल जज सी.डि. से स्थगन आदेश दिखाया गया, जिस पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके से चले गये। आरोप है कि इसी बीच नदीपुरा निवासी अकरम अपने साथ ग्राम घटवार व आजादपुरा में रहने वाले कुछ लोगों को लेकर आये। इनके साथ तीन से चार दर्जन लोग और भी हथियारों से लैस होकर मौके पर थे। आरोप है कि उक्त लोगों ने दहशत फैलाने का भरशक प्रयास किया और स्थगन आदेश के बावजूद भी जमीन में लगी तार फेंसिंग, पत्थर गड्डी को जेसीबी मशीन से तोड़ते हुये जमीन में घुस गये और कब्जा करने का प्रयास किया। करीब एक घण्टा बाद उसने जेसीबी चलाने से मना किया तो उक्त लोग हमला करने पर आतुर हो गये और जान से मारने की धमकी देते हुये षडय़ंत्रपूर्वक झूठे मुकद्दमें में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर कुछ ही समय पश्चात पुलिस मौके पर आ पहुंची, जिसे देखकर उक्त लोग जेसीबी लेकर भाग गये।

# जाखलौन में ट्रैक्टर और महरौनी में डंपर अवैध परिवहन करते पकड़ा

### अवैध खनन का आरोप, पुलिस के सुपुर्द किए वाहन

**ललितपुर।** ग्रामीणों द्वारा अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तहसील ललितपुर थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम वेसरा में खनिज विभाग की टीम द्वारा बीती 13 नवम्बर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर ग्राम वेसरा में वाहन ट्रेक्टर महिन्द्रा 275 डी.आई., ट्रैक्टर आइसर 551 एवं ट्रैक्टर पावरट्रेक कुल 03 ट्रैक्टर उप खनिज साधारण मिट्टी का अवैध खनन एवं परिवहन करते हुये पाये गये। जिस पर खनिज अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये उक्त तीनों वाहनो को थाना जाखलौन में पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया कि उक्त वाहन ग्राम महेशपुरा निवासी संतोष राजपूत के है। खेत स्वामी पर भी अवैध खनन के आरोप में नियमानुसार कार्यवाही की गयी है। अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों पर लगातार सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है, अगर भविष्य में कोई भी इस प्रकार का कृत्य करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। इधर जिला खान अधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा मध्य प्रदेश से खनिज लेकर आने वाले वाहनों की चेकिंग की गई, जिस दौरान एक वाहन एम.पी. 36 जेड.एफ. 9977 की जांच की गई। जांच के दौरान डंफर में एम सैंड खनिज का परिवहन पाया गया। जिस पर वैध प्रपत्र न होने के कारण जिला खान अधिकारी ने खनिज अधिनियम की धाराओं में कार्यवाही करते हुए वाहन को महरौनी पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु खनिज विभाग द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही एवं निगरानी की जा रही है।

# 1200 से अधिक मतदाता वाले 93 मतदेय स्थलों को बढ़ाया गया

## मतदेय स्थल सम्भाजन व समायोजन प्रस्तावों पर राजनैतिक दलों संग समीक्षा

**ललितपुर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थल सम्भाजन/समायोजन से सम्बंधित प्रस्तावों को अंतिम रुप दिये जाने के लिए मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की। मतदेय स्थलों के सम्भाजन व समायोजन हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर गहन समीक्षा की गई और 1200 से अधिक मतदाताओं वाले कुल 93 मतदेय स्थल बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया, जिनमें 226 विधानसभा ललितपुर के 46 और 227 विधानसभा महरौनी के 47 मतदेय स्थल शामिल हैं। बताया गया कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त मतदेय स्थलों का प्रस्ताव आयोग के अनुमोदन हेतु 20 नवम्बर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजा जाएगा और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा 24 नवम्बर को उक्त प्रस्ताव आयोग को भेजा जाएगा।

बैठक में विधायक महरौनी मनोहर लाल, विधायक प्रतिनिधि श्रीकांत, राजनैतिक दलों से जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी हरदयाल सिंह लोधी एड., जिलाध्यक्ष बसपा अमन संतोष, जिला महामंत्री भाजपा बब्बू राजा बुन्देला, इण्डियन नेशनल कॉग्रेस से जसपाल सिंह, समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया, जिला महासचिव अपना दल (सोने लाल) सोहन लाल निरंजन, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जगदीश सिंह लोधी, अधिकारियों में जिला सूचना अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह उपस्थित रहे।



# किराए पर लिए तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियां हड़पने का आरोप

### भट्टे में लगाने के लिए दतिया ले गए थे, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम रजावन निवासी छक्कीलाल पुत्र सुम्मान ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 15 जून 2025 को शाम करीब 4 बजे उसके घर से सोनालिका ट्रैक्टर नं. यू.पी. 94 ए.के. 5450 व मनोज कुमार पुत्र सालिगराम का ट्रैक्टर आयशर नं. यू.पी.94 ए.एफ. 6652, ग्राम चन्द्रापुर के मजरा कशा निवासी रामकुंवर पत्नी छत्रपाल सिंह का ट्रैक्टर स्वराज नं. यू.पी. 94 जेड 5056 को मध्य प्रदेश के जिला दतिया में भट्टे पर किराए पर लगाने के लिए गांव का ही राजेश प्रजापति पुत्र हन्ना ने बात करके मध्य प्रदेश के जिला दतिया के भाण्डेरी फाटक ग्राम बंदर की हवेली हाऊस नं. 164 (क) निवासी राजेन्द्र व शंकर प्रजापति पुत्रगण लालाराम और दतिया की आरामशीन दरगाह के मुहल्ला ठण्डी सड़क निवासी राहुल कुशवाहा पुत्र सुरेश के साथ तीनों ट्रैक्टर एवं ट्रॉलियों को साथ ले गये। आरोप है कि अभी तक उक्त ट्रैक्टर-ट्रालियां अभी तक वापस नहीं किये। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने तीनों ट्रैक्टरों व ट्रॉलियों को बेईमानी की नीयत से रख लिया है और वापस नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## कटप्पा ने व्यापारी को पीटा

**ललितपुर।** नई बस्ती मोहल्ले में रहने वाले राकेश जैन पुत्र भईयालाल जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी दुकान नया ओवरब्रिज के नीचे काम किराने की है, जिसका संचालन कर वह अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि 17 नवम्बर को शाम करीब 7.30 बजे जुगपुरा निवासी मुकेश कटप्पा शराब के नशे में चूर होकर उसकी दुकान पर आया और गालियां देने लगा। जब उसे गालियां देने से मना किया तो मुकेश कटप्पा ने उसके साथ मारपीट कर दी। उसकी दुकान का सामान फेंक दिया और सामान की तोडफ़ोड़ कर दी। आरोप है कि मुकेश ने धमकाते हुये 1कहा कि उसके खिलाफ शिकायत की तो उसे जान से मारकर फेंक देगा। पीड़ित ने बताया कि वह धमकाते हुये भागने लगा और दो-तीन बार जमीन पर गिर पड़ा, जिससे वह घायल भी हो गया। पीड़ित ने बताया कि मुकेश कटप्पा काफी दबंग और गुण्डा किस्म का व्यक्ति है और काफी कमजोर व गरीब है। पुलिस ने राकेश जैन की तहरीर पर मुकेश कटप्पा के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मजरा कलौथरा के दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेरवांस कलां के मजरा कलौथरा में दो पक्षों में किसी बात को लेकर जोरदार मारपीट हो गयी। घटना के बाद तालबेहट पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से कलौथरा निवासी सावित्री पत्नी सीताराम ने पुलिस को बताया कि बीती 16 नवम्बर को शाम करीब 4 बजे वह घर के दरबाजे पर बैठी थी, तभी बिना किसी कारण पड़ौस की मीरा कुशवाहा पत्नी खुशीलाल, भारती पत्नी महेन्द्र कुशवाहा, क्रान्ति पत्नी भगवान कुशवाहा ने उसके साथ गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी।

आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मीरा पत्नी स्व.खुशीलाल कुशवाहा ने बताया कि बच्चों के खेलने के विवाद को लेकर सावित्री पत्नी सीताराम, सीताराम पुत्र लक्ष्मन ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। बचाव करने आयी उसकी बहू भारती के साथ भी मारपीट करते हुये उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ग्राम पंचायत बुढवार, विकासखंड जखौरा में 5 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

# सरकार की जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से विकास कार्य पूर्ण होने के बाद अंचल में जनता को मिलेगा सुविधाओं का भरपूर लाभः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





सदर विधायक ललितपुर रामरतन कुशवाहा द्वारा ग्राम पंचायत बुढवार, विकासखंड जखौरा में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत लगभग 5 करोड़ रुपये की बहुप्रतीक्षित विकास परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं में ग्राम विकास निधि, केंद्रीय पंद्रहवां वित्त आयोग, राज्य पंचम वित्त निधि तथा बुंदेलखंड क्षेत्रीय विकास निधि के माध्यम से स्वीकृत अनेक कार्य शामिल हैं, जिनका उद्देश्य ग्राम पंचायत में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना एवं ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाना है।

इन परियोजनाओं में सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति सुधार, सामुदायिक भवनों का विकास, स्ट्रीट लाइटें, स्वच्छता एवं अन्य जनसुविधा से जुड़े कार्य प्रमुख हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम पंचायत में विकास की गति तेज होगी और ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष देशपत कुशवाहा, निवर्तमान अध्यक्ष श्यामबिहारी कौशिक, जिलाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा सुरेन्द्र रजक, खंड विकास अधिकारी सौरभ बरनवाल , ग्राम पंचायत प्रधान अनुपम चौबे , जितेंद्र रिछारिया तथा ग्राम पंचायत सचिव ब्रह्मकुमार रिछारिया उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त क्षेत्र के अनेक सम्मानित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है और आने वाले समय में भी विकास की यह श्रृंखला लगातार जारी रहेगी। अंत में ग्रामवासियों ने विकास कार्यों के इस महत्वपूर्ण चरण के लिए विधायक एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

## अमृत योजना के तहत कुएं व बावड़ी संवारने हुई थी कवायद शुरू

# दो साल गुजरने पर भी प्राचीन जलाशयों से नहीं निकला 'अमृत'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर की जिन तीन बावड़ियों और आठ कुएं के संरक्षण के लिए प्रस्ताव अमृत 2.0 योजना के तहत भारत सरकार को भेजा था। राज्य सरकार के माध्यम से भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति तो मिल गई और योजना के अनुरूप सभी 11 जलाशयों के जीर्णोद्धार के लिए काम युद्ध स्तर पर शुरू लेकिन यह कवायद नौ दिन चले अढ़ाई कोस ही साबित हो सकी है।

दो साल पहले नगर पालिका ने जिन 11 जलाशयों के जीर्णोद्धार के लिए जो अभियान शुरू किया था उसमें ऐसा कोई काम नहीं हो सका जिसे परिषद या सरकार की उपलब्धि बताया जा सके। इस योजना के तहत नगर पालिका परिषद ने उत्कृष्ट स्कूल परिसर में स्थित बीबीजी की बावड़ी, काजी जी की बावड़ी एवं शीतला पाड़ा वाली बावड़ी सहित 8 कुओं के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव स्वीकृति के बाद तीन बावड़ियों के टेंडर प्रक्रिया के तहत ठेकेदार ने जीर्णोद्धार का काम भी शुरू कर दिया लेकिन अभियान से जुड़ी इंजीनियरों की टीम ने स्थल निरीक्षण के बाद काम को नियम विरुद्ध बढ़कर बंद करा दिया और गाइडलाइन के तहत काम करने की नसीहत स्थानीय इंजीनियरों को दी थी लेकिन तब से लेकर अब तक काम बंद ही पड़ा है दोबारा शुरू नहीं हो सका है। जिसके तहत सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना का लाभ शहर के जलाशयों को नहीं मिल सका है।



### नरेंद्र सिंह तोमर से मिली सौगातों का हो रहा दुरुपयोग

चाहे अमृत 2.0 योजना हो या केंद्र शासित अन्य योजनाएं सभी शहर को और जिले को पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के प्रयास से ही मिली हैं। पर देखने में यह आ रहा है कि उनके प्रयास से मिली सौगातों का दुरुपयोग जिले में लगातार किया जाता रहा है। सभी नियमों को दरकिनार कर ठेके दिए गए, सप्लाई के काम मनमाने तरीके होते रहे हैं, ठेकेदारों के साथ रिश्तेदारों को पार्टनर बनाकर घटिया काम करवाया गया। इसकी बानगी अमृत 2.0 योजना के तहत जलाशय का किया जा रहा संरक्षण है जिसमें केंद्रीय दल ने घटिया निर्माण बताकर भुगतान करने से रोक लगा दी है। और काम शायद हमेशा के लिए बंद हो गया।

### नपा के काम पर केन्द्रीय दल ने उठाए सवाल

अमृत 20 योजना के तहत नगर पालिका परिषद ने शहर की तीन बावड़ी और 8 कुओं के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव भेजा था, जिसे केंद्र सरकार ने स्वीकृत कर मांगी गई करीब सवा करोड़ रुपए की राशि भी जारी कर दी थी। नगरपालिका परिषद् ने टेंडर प्रक्रिया अपनाने हुए निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया था। और ठेकेदार को किए गए निर्माण के रनिंग पेमेंट के रूप में 10 लाख रुपए का बिल भी बना लिया लेकिन ठेकेदार को भुगतान से पहले नपा ने योजना से जुड़े केंद्रीय दल से भुगतान करने को स्वीकृती मांगी जिस पर केंद्रीय दल किए गए। कार्य का निरीक्षण करने श्योपुर पहुंच गया दल ने किए गए काम से नाराजगी जताते हुए भुगतान नहीं करने के निर्देश सीएमओ को दिए इसके बाद ठेकेदार का 10 लाख रुपए का पेमेंट अटका हुआ है। साथ ही काम भी वहीं पर रुका पड़ा है जो दो साल पहले शुरू हो चुका था।

### इनका कहना है..

अमृत 2.0 के तहत दिन 11 जलाशयों का चयन किया गया था उनका निर्माण और पूरी प्रक्रिया मेरे आने के पहले हुई है। लेकिन इस योजना कहते हैं भारत सरकार से पैसा कभी मिलता है जब काम पूरा हो जाता है। अगर काम हुआ होगा तो पेमेंट मिला होगा अन्यथा भुगतान नहीं हुआ होगा। इसलिए इस योजना में गड़बड़ होना तो नामुमकिन है।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

## श्योपुर पहुंचे चंबल रेंज के डीआईजी, पुलिस अधिकारियों की बैठक ली

# 31 दिसंबर से पहले करें सभी पेंडिंग मामलों का निराकरणः डीआईजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

थानों में जो अपराध अभी पेंडिंग चल रहे हैं, सभी थाना प्रभारी उनका निराकरण 31 दिसंबर से पहले हर हाल में करें। इसके लिए अभी से विशेष ध्यान देकर कार्रवाई शुरू की जाए। यह निर्देश बुधवार को श्योपुर के दौरे पर आए चंबल रेंज के डीआईजी सुनील कुमार जैन ने पुलिस कंट्रोलरूम में आयोजित जिले के पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए दिए। देर शाम तक चली इस बैठक में एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल, एएसपी प्रवीण कुमार भूरिया,डीएसपी हेडक्वॉर्टर पीएन गोयल, एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता, बडौदा एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना, विजयपुर एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर सहित सभी थानों के थाना प्रभारी भी मौजूद थे।

दरअसल जिले में चंबल रेंज के डीआईजी के दौरे को लेकर तैयारियां काफी दिनों से चल रही थी। लेकिन डीआईजी के श्योपुर दौरे पर आने की तारीखे आगे बढती जा रही थी। इसको लेकर जिले के पुलिस अधिकारियों की धडकने बढी हुई थी। जिले के पुलिस अधिकारियों की यह धडकने बुधवार की दोपहर को तब थमी,जब डीआईजी चंबल रेंज सुनील कुमार जैन ने श्योपुर दौरे पर पहुंचे। इस दौरान जिले के पुलिस अधिकारियां के द्वारा उनकी अगवानी की गई। इसके बाद डीआईजी ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर जिले के पुलिस अधिकारियों सहित थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर अपराधों की समीक्षा की। दोपहर 2 बजे से शुरू हुई डीआईजी की यह बैठक देर शाम तक जारी रही। बैठक के दौरान डीआईजी ने जिले के सभी थानों में दर्ज अपराध और उनके निराकरण की स्थिति जानी। साथही अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा सभी पेंडिंग अपराधों का निराकरण जल्द करने के निर्देश दिए।

# जिला अस्पताल के पार्क की होगी आयरल ग्रिल फेसिंग, खर्च होंगे 8 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




जिला अस्पताल परिसर में मौजूद पार्क की सुरक्षा के लिए उसके चारों तरफ आयरन ग्रिल फेसिंग कराई जाएगी। यह कार्य लगभग 8 लाख रुपए की लागत से होगा। इस कार्य के बाद पार्क में लगाए जाने वाले पौधे पूरी तरह सुरक्षित हो जाएंगे। इस तरह का निर्णय बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने की।बैठक में सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल, विधायक प्रतिनिधि श्योपुर डॉ शहजाद खान, सहायक संचालक महिला बाल विकास रिशु सुमन, डॉ मुकेश मीणा, डॉ गजेन्द्र सिंह धाकड़, सीएमओ आरआर यादव आदि मौजूद रहे।

रोगी कल्याण समिति की बैठक में पार्क की सुरक्षा के लिए आयरन ग्रिल फेसिंग कार्य कराने के साथही जिला चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड के सेंट्रल एसी के रिपयेरिंग एवं आवश्यक सामग्री क्रय किये जाने के 4 लाख 17 हजार अनुमानित स्टीमेंट राशि के कार्य का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना एवं एनक्यूएएस अंतर्गत प्राप्त राशि से चिकित्सालय में आर्थोपेडिक इम्प्लांटस कन्ज्यूमेबिल्स एवं जीवन रक्षक औषधियों उपकरणों का मेटिनेंस सतत रखे जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन भी किया गया। जबकि जिला चिकित्सालय की बाउन्ड्रीवॉल की पुताई तथा बाउन्ड्रीवॉल के बाहर तारा फेसिंग के कराये गये कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने कार्यकारणी सदस्यों द्वारा अवगत कराये जाने पर सीएमओ को अस्पताल स्थित आवासीय परिसर में पूर्व से स्थापित बिजली पोल पर उचित प्रकाश व्यवस्था हेतु एलईडी अथवा हैलोजन लगाने के निर्देश दिये गये। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना एवं एनक्यूएएस के तहत रोगी कल्याण समिति को राशि प्राप्त होती है, वर्तमान में 1 करोड़ 47 लाख रूपये की राशि उपलब्ध है। 200 बिस्तर के स्वीकृत जिला अस्पताल में 279 बेड का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्टॉफ एवं सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

## बांसोद का बुद्धिप्रकाश सप्ताह में दो बार थाने में हाजरी देने के लिए पाबंद

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(1)(क) एवं धारा 3(1)(ग) के प्रावधानो के अंतर्गत वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्धेश्य से लोक व्यवस्था एवं जन साधारण के हित में आपराधिक रिकार्ड वाले आरोपी को थाने में हाजरी देने के लिए पाबंद किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्यवाही की गई है। जिसके तहत आपराधिक रिकार्ड वाले आरोपी बुद्धि उर्फ बुद्धि प्रकाश गुर्जर पुत्र लक्ष्मीनारायण गुर्जर निवासी बासोंद थाना बडौदा को आदेश दिनांक से आगामी 6 माह तक सप्ताह में दो बार थाना प्रभारी बडौदा के समक्ष अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है। आरोपी बुद्धि उर्फ बुद्धि प्रकाश गुर्जर पर विभिन्न धाराओ के तहत 5 अपराध पंजीबद्ध है।

## एसआईआर का काम महत्वपूर्ण इसमें बीएलओ को सहयोग करें : कैलाश



**श्योपुर।** एसआईआर का काम अति महत्वपूर्ण काम है इस काम को करने में हमारे बीएलओ ईमानदारी के साथ और अथक प्रयासों से जुटे हुए हैं, काम का बोझ होने के चलते मानसिक तनाव होना लाजमी है। इसलिए मतदाता उनके द्वारा किए जा रहे काम सहयोग करें। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश नारायण गुप्ता ने बुधवार को वार्ड क्रमांक 3 में एसआईआर सर्वे के प्रचार प्रसार में भ्रमण कार्य के दौरान मतदाताओं को समझाइश देते हुए कही। एसआईआर सर्वे के काम में मतदाताओं को कोई परेशानी ना आए इस उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता दल बनाकर वार्डों में भ्रमण कर रहे हैं और मतदाताओं से इस संबंध में चर्चा कर उन्हें परामर्श भी दे रहे हैं इसी क्रम में भाजपा नेताओं का एक दल ने बुधवार को शहर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर मतदाताओं से चर्चा की जहां वार्ड 3 में बीएलओ बेबी नाज ने उन्हें बताया की उसने मतदाताओं को दो-दो फार्म वितरण कर दिए है अधिकतर मतदाताओं को फॉर्म भरने में परेशानी आ रही है उन मतदाताओं के फार्म व खुद भरवाने में सहयोग भी कर रही है फॉर्म भरने के बाद उन्हें पोर्टल पर सबमिट किया जा रहा है इसलिए फॉर्म गलत हो या अपूर्ण भरा जाना इस सर्वे में संभव ही नहीं है। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओम राठौर, रेडक्रास सोसाइटी के सचिव दिनेश राज दुबौलिया, सुजीत गर्ग व वार्ड वासी मौजूद रहे।

## राशि नहीं मिलने से परेशान महिला समूह आज बंद रखेंगे सांझा चूल्हा

# मैडम! 5 और 8 रुपए में भरपेट और मीनू अनुसार कैसे कराएं भोजन?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मैडम! 5 और 8 रुपए में भरपेट और मीनू अनुसार भोजन मांग समूहों से की जा रही है। ऊपर से 3 महीने से भुगतान नहीं मिला। ऐसे में महिला समूह उधार सामान लाकर कहां तक बच्चों को खिलाएंगे। विरोध स्वरूप गुरुवार को जिले के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ियों में भोजन व्यवस्था बंद रखी जाएगी और अगर शीघ्र ही समूहों के खातों में राशि नहीं डाली गई तो अनिश्चितकालीन समय के लिए स्कूलों और आंगनबाड़ियों का भोजन नाश्ता बंद कर दिया जाएगा यह बात प्रांतीय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद को ज्ञापन सौंपते हुए कही।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विभिन्न स्कूलों और आंगनबाड़ियों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत खिलाए जाने वाला दोपहर का भोजन इन दिनों महिला स्व सहायता समूहों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बीते 3 महीना से समूह के खातों में राशि नहीं डाली जा रही है ऊपर से कलेक्टर के निर्देश पर हर स्कूल आंगनबाड़ियों में अधिकारी पहुंचकर मीनू अनुसार भोजन बनवाने के साथ-साथ भरपेट खिलाने का दावा बना रहे हैं स्कूल प्रबंधन और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी बच्चों को जबरदस्ती भरपेट भोजन करवा रही है जबकि नियम में निर्धारित मात्रा में ही भोजन कराने के निर्देश हैं जिससे महिला स्व सहायता समूह मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं, समूहों के खातों में बीते 3 महीना से राशि नहीं डाली गई है, बार-बार निवेदन करने के बाद भी अनसुना किए जाने के कारण गुरुवार को सामूहिक रूप से सजा चूल्हा बंद रहेगा इसके बाद आगे अगर सुनवाई नहीं होती है तो समूह पूरे जिले में अनिश्चितकाल के लिए भोजन व्यवस्था बंद कर देंगे।

## वार्ड 11 के पार्षद सुमेर सिंह बने आईटी सेल के जिलाध्यक्ष

**श्योपुर।** वार्ड क्रमांक 11 से पार्षद सुमेर सिंह कांग्रेस आईटी सेल के जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं। उन्हें जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बुधवार को कांग्रेस जनों ने उनका माला पहनकर स्वागत किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा गठित किए गए आईटी सेल को जिला स्तर पर विस्तारित करने के उद्देश्य पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर विधायक बाबू जंडेल एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी की अनुशंसा पर श्योपुर नगरपालिका में पार्षद सुमेर सिंह को आईटी सैल का अध्यक्ष नियुक्त किया है।



# इंदिरा गांधी और लक्ष्मी बाई भारत का अभिमान हैं: जंडेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



भारत के इतिहास में अगर किसी स्त्री ने साहस, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की लौ को अमर कर दिया तो वह हैं देश की पहली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और झांसी की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई। जहां इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान को उसकी हिमाकत पर मुंहतोड़ जवाब देकर बांग्लादेश के रूप में दो टुकड़ों में बांट दिया। वहीं रानी लक्ष्मी बाई ने फिरंगियों की अकूत शक्ति के आगे समर्पण करने के बजाए देश के लिए प्राणों को न्योछावर कर दिया। यह बात पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं वीरांगना झांसी की रानी की जयंती के अवसर पर विधायक बाबू जंडेल ने संबोधन देते हुए कही।

पटेल चौक पर चल रहे धरना एवं भूख हड़ताल पर बुधवार को इंदिरा गांधी और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। इस दौरान विधायक जंडेल ने प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने दो बार पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर न सिर्फ ऐतिहासिक जीत दर्ज की बल्कि बांग्लादेश के रूप में उसे दो भागों में विभाजित कर दिया। लेकिन इसका श्रेय उन्होंने खुद कभी नहीं लिया पूरा श्रेय सेना को देने के उद्देश्य से जगह-जगह वीर सैनिकों की याद में जय स्तंभ बनाए गए। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, किसान का कांग्रेस जिला अध्यक्ष जसवंत मीणा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा, प्रहलाद सेन, विधायक प्रतिनिधि सिराज दाउदी आदि ने भी संबोधन दिए कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी ने किया।

## पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी के जन्मदिन पर फल वितरण

**श्योपुर।** कांग्रेस युवा मोर्चा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के जन्मदिन के अवसर पर गरीब बस्तियों में और अस्पताल में पहुंचकर फल वितरण किया। कांग्रेस युवा मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष भूपेंद्र आर्य और उनसे जुड़े कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी के जन्मदिन के अवसर पर आदिवासी बस्तियों में पहुंचकर बच्चों को फल और टॉफियां वितरण की बाद में जिला अस्पताल पहुंचे कार्यकर्ताओं ने भर्ती मरीजों को फल वितरण किया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।



## गोरस श्यामपुर हाइवे पर हुए लूट के मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

# एक लुटेरे को सात साल का कठिन कारावास दूसरा फरार, तीसरा दो साल बाद भी बेसुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गोरस श्यामपुर हाइवे पर दो साल पहले कट्टे की नोंक पर अंजाम दी गई सनसनीखेज लूट की वारदात के मामले में श्योपुर के विशेष न्यायालय ने फैसला सुना दिया है। वारदात को अंजाम देने वाले तीन लुटेरों में से एक लुटेरे को विशेष न्यायालय ने सात साल के कठिन कारावास की सजा सुनाते हुए उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। खास बात यह है कि इस मामले में दूसरा नामजद हुआ लुटेरा अभी पुलिस के द्वारा पकड़ा नहीं जा सका है। इसलिए दूसरे नामजद लुटेरे को श्योपुर न्यायालय द्वारा फरार घोषित कर दिया गया है। जबकि तीसरे लुटेरा का अभी तक बेसुराग बना हुआ है। पुलिस इस मामले की विवेचना के नाम पर दो साल का लंबा चौडा वक्त गुजारने के बाद भी तीसरे आरोपी को अभी तक नामजद नहीं कर पाई है।




जिसके चलते पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खडे हो रहे है।

यहां बता दें कि लूट की यह सनसनीखेज वारदात कराहल थाना क्षेत्र स्थित गोरस श्यामपुर हाइवे पर कदवाया नाले के पास घटित हुई थी। इस मामले में शासन की ओर से श्योपुर न्यायालय में पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि लूट की यह वारदात 13 अगस्त 2023 को तब घटित हुई,जब कार सवार राकेश कुमार गर्ग अपने रिश्तेदार के साथ किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्योपुर आ रहे थे। तभी गोरस के नजदीक कदवाया नाले के पास उन्होने बच्ची को उल्टी होने की वजह से कार रोकी,तभी उनका पीछा करते हुए आ रहे बाइक सवार तीन बदमाशों ने कट्टा अडाकर कार में सवार महिलाओं के गले से 2 तोला सोने की जंजीर तथा करीब एक तोला का सोने का हार लूटकर ले गए। जिसकी रिपोर्ट कराहल थाने में दर्ज कराई गई। कराहल थाना पुलिस ने इस मामले में लूट और डकैती की धाराओं में केस दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। विवेचना के उपरांत कराहल पुलिस ने दो लुटेरो गौरव यादव और अरूण चौहान को नामजद करते हुए उनके खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। इस मामले में विचारण के दौरान विशेष न्यायालय ने एक लुटेरे अरूण चौहान पुत्र नेत्रपाल सिंह चौहान निवासी रूपहाटी थाना अंबाह जिला मुरैना को दोषी मानते उसे 7 साल के कठिन कारावास और 10 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुना दी।

### तीसरे लुटेरे का पुलिस दो साल बाद भी नहीं लगा पाई सुराग

खास बात यह है कि इस मामले में एक लुटेरे अरूण चौहान को श्योपुर के विशेष न्यायालय के द्वारा सजा सुना दी गई है। लेकिन दूसरे लुटेरे गौरव यादव को पुलिस के द्वारा नामजद तो कर लिया गया है,लेकिन उसे फिर से पकडकर न्यायालय में पेश नहीं कर सकी है। जिसकारण न्यायालय ने दूसरे लुटेरे गौरव यादव को फरार घोषित कर दिया है। जबकि बाइक सवार पर तीसरा लुटेरा अभी तक अज्ञात बना हुआ है। जांच के बाद लंबा चौडा वक्त गुजार देने वाली कराहल पुलिस तीसरे लुटेरे को पकडना तो दूर की बात उसे नामजद भी नहीं कर सकी है, ऐसी स्थिति में दो साल का समय बीतने के बाद भी तीसरा लुटेरा अज्ञात ही बना हुआ है।

### इनका कहना है..

लूट के एक आरोपी को सजा सुना दी गई है। जबकि दूसरे आरोपी को फरार होने की वजह से फरार घोषित कर दिया गया है। तीसरे आरोपी को लेकर पुलिस की विवेचना चल रही है। पकड़े जाने पर दोनों आरोपियों को भी न्यायालय के द्वारा सुनवाई करते हुए सजा सुनाई जाएगी।

राजेन्द्र जाधव
विशेष लोक अभियोजक श्योपुर

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने डीजीपी के नाम सौंपा ज्ञापन

# किसान की हत्या के मामले में निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

क्षत्रिय महासभा ने विगत दिनों किसान की हत्या के मामले में बुधवार को डीजीपी के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंप कर न्यायिक जांच की मांग करते हुए तत्कालीन चौकी प्रभारी दुर्गापुरी रामनरेश कंषाना पर 14 लाख रुपए लेकर हत्या करवाने का गंभीर आरोप भी लगाया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सुदीप सिंह चौहान ने तत्कालीन दुर्गापुरी चौकी प्रभारी रामनरेश कंसाना को जमीन विवाद के संबंध में आवेदन दिया। दिलकश मीणा, सुरेश मीणा, राजेश मीणा एवं अन्य लोगों द्वारा उनकी जमीन बटाई पर करते थे। सुदीप सिंह के द्वारा जमीन बटाई पर न देने की बात की तो यह लोग झगड़ा पर उतारू हो गए। ज्ञापन में आरोप लगाया है कि उक्त विवाद में कंषाना द्वारा 14 लाख में आरोपियों से मिलकर सुदीप सिंह से समझौता कराया। सुबह समझौता होने के बाद शाम को सुदीप सिंह की हत्या कर दी गई। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट से गंभीर घायल सुधीर को इलाज़ के लिए हॉस्पिटल भेजने के बजाए चौकी प्रभारी उन्हें 2 घंटे थाने में ही बैठाया, जिससे इलाज़ नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। इस मामले में क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह सिकरवार ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। तत्कालीन चौकी प्रभारी आरोपों से इनकार कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### 15 जनवरी तक किसान ले सकेंगे भावांतर योजना का लाभ

**अशोकनगर।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास अमित भदौरिया ने कृषक भाईयों से अपील की है कि कृषकगण सोयाबीन भावांतर योजना में पंजीकृत कृषक अपनी सोयाबीन फसल का विक्रय अधिसूचित मण्डियों में कर भावांतर योजना का लाभ उठायें। सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रूपये प्रति क्विंटल है। सोयाबीन विक्रय अवधि 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। किसान पहले जैसे ही मण्डियों में सोयाबीन की उपज का विक्रय करेंगे एम.एस.पी. से कम कीमत मिलने पर योजना के तहत अंतर की राशि कृषकों को आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान की जायेगी। जिले में भावांतर योजनान्तर्गत 5188 पंजीकृत एवं सत्यापित कृषक हैं।

### पराली जलाने पर पांच व्यक्तियों पर अर्थदंड

**अशोकनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग चंदेरी मनीष धनगर द्वारा तहसीलदार के प्रतिवेदन के आधार पर 5 व्यक्तियों पर पराली जलाने के कारण 2500 रुपए के मान से 12500 रूपये अर्थदण्ड आरोपित किया गया है। उल्लेखनीय है कि तहसीलदार चन्देरी द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम महोली स्थित भूमि सर्वे कमांक 16/2 रकवा 0.209 हे. जितेन्द्र कुमार पुत्र रघुवीर सिंह जाति यादव, सर्वे क्रमांक 18/7 रकवा 0.209 है. पर कृष्ण कुमार पुत्र कुलदीप सिंह जाति पुन्डीर एवं सर्वे क्रमांक 17/1/1 रकवा 0.209 हे. मनजीत गौर पत्नि सहदेव सिख एवं ग्राम पिपरोद स्थित सर्वे क्रमांक 59/2 रकवा 0.209 हे. पर प्रमोद पुत्र भज्जू पाल तथा ग्राम छपरा स्थित भूमि सर्वे कमांक 372/1/2 रकवा 0.209 हेक्टेयर में पराली जलाये जाने के कारण प्रत्येक व्यक्ति के मान से 2500 रूपये जुर्माने लगाया गया है।

### किसान की वैध वसीयत को नजरअंदाज कर फौती नामांतरण का मामला

# पटवारी ने मांगे 70 हजार, तहसीलदार बोले- खसरे में नामांतरण का अमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



करैरा तहसील के ग्राम श्योपुरा के किसान राकेश कुमार परिहार ने पटवारी नीरज लोधी और तहसील के रीडर पर आरोप लगाते हुए एसडीएम अनुराग निंगवाल को शिकायत की है। राकेश ने कहा है कि उनकी रजिस्टर्ड वसीयत क्रमांक : टढ392962018अ3394794 के आधार पर नामांतरण का प्रकरण 1626/1-6/2025-26 महीनों से लंबित था, लेकिन पटवारी और रीडर ने 70 हजार रुपये की मांग की। जब उन्होंने पैसे देने से मना किया तो वैध प्रकरण को दरकिनार कर एक अन्य फर्जी प्रकरण 1485/ट-6/2025-26 में फौती नामांतरण कर दिया गया।

राकेश परिहार ने शिकायत में बताया कि वह और उनका अधिवक्ता महेंद्रसिंह बघेल हर सुनवाई की तारीख पर तहसील आते रहे, लेकिन रीडर व ऑपरेटर फाइल नहीं दिखाते थे। कई बार कोरे कागज पर हस्ताक्षर भी करवाए गए। 17 नवंबर को जब वे तहसील पहुंचे तो पता चला कि 13 नवंबर को ही फौती नामांतरण का आदेश पारित हो चुका है। वकील ने जब बिना सुनवाई के आदेश पर सवाल उठाया तो तहसीलदार ने कहा कि अब कुछ नहीं हो सकता। उसी रात खसरे में नामांतरण अमल भी कर दिया गया।

राकेश ने एसडीएम से मांग की है कि उनकी रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर सही नामांतरण किया जाए एवं फर्जी प्रकरण में किया गया फौती नामांतरण तुरंत रद्द हो,सर्वे नंबर 255 की 0.83 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री पर पूर्ण रोक लगा दी जाए। किसान की शिकायत पर एसडीएम ने किसान को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है ।

#### इनका कहना है

राकेश परिहार ने अपनी मौसी से बासियत करवाई है मौसी का पति जीवित है पति के नाम नामांतरण होगा न कि राकेश परिहार के नाम पर , जबकी पति ने कलेक्टर साहब के पास आवेदन किया है जो तहसीलदार मैडम के पास आया उन्होंने नामांतरण कर दिया । पैसे मांगने के सारे आरोप निराधार है ।

**नीरज लोधी,** पटवारी, ग्राम श्योपुरा

## न्यायालय के 6 साल पुराने आदेश का आज तक अमल नहीं, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने लगाया पटवारी पर लापरवाही बरतने का आरोप

**करैरा।** करैरा तहसील के ग्राम सिल्लारपुर में वर्ष 2017-18 के न्यायिक आदेश आज तक राजस्व अभिलेखों में अमल नहीं हो सका है। करैरा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष कोमल प्रसाद साहू पुत्र भैयालाल साहू ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाया है कि हल्का पटवारी द्वारा उनके पक्ष में पारित आदेश की जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। कोमल प्रसाद साहू ने शिकायत करी उसमे उन्होंने बताया कि उन्होंने 27 मई 2007 को कैलाशनारायण पुत्र वैजनाथ से आराजी सर्वे नंबर 357/1/4 का 0.16 हेक्टेयर रकबा क्रय किया था। क्रय के बाद वर्ष 2009-10 के कम्प्यूटर खसरे में उनका नाम दर्ज भी हो गया। लेकिन 2010-11 में तत्कालीन पटवारी ने बिना किसी दस्तावेज के मूलचंद सहित अन्य के नाम गलत तरीके से प्रविष्ट कर उनके नाम को हटा दिया। इसके विरुद्ध कोमल प्रसाद साहू ने मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 44 के तहत प्रकरण क्रमांक 56/16/17/अ-6 में अपील दायर की। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) करैरा ने प्रकरण क्रमांक 0067/अपील/2017-18 में स्पष्ट आदेश पारित किया कि मूलचंद सहित अन्य के नाम हटाकर कोमल प्रसाद साहू के नाम दर्ज किये जाएं। आदेश की प्रमाणित प्रति उनके पास है, लेकिन सिल्लारपुर के वर्तमान हल्का पटवारी संतोष गुप्ता ने आज दिनांक तक अमल नहीं किया।

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ने कलेक्टर से मांग की है कि आदेश का तत्काल अमल कराया जाए तथा दोषी पटवारी के खिलाफ उचित विभागीय कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षों से इस मामले में चक्कर काटते-काटते थक चुके हैं। बार-बार पटवारी कार्यालय व तहसील जाने के बाद भी उन्हें कोई परिणाम नहीं मिला। मजबूरन अब कलेक्टर से शिकायत पत्र के माध्यम से की है ।

#### इनका कहना है

यह छह साल पुराना मामला है। मैंने कभी मना नहीं किया। एसडीएम को आवेदन दिया गया था, उन्होंने तहसीलदार को जांच के लिए लिखा है। तहसीलदार साहब जो भी आदेश करेंगे, मुझे अमल करने में कोई दिक्कत नहीं है। मैं तुरंत अमल कर दूंगा।

**संतोष , पटवारी,** हल्का सिल्लारपुर

## स्कूलों में पुलिस की क्लास: बच्चों को सिखाए जागरुकता के गुर



**पिछोर।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत शासकीय मॉडल स्कूल और अशासकीय रानी अवन्तिबाई पब्लिक स्कूल में पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी प्रशांत शर्मा, थाना प्रभारी पिछोर उमेश उपाध्याय ने छात्रों से सीधे संवाद कर सुरक्षा और अनुशासन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। अधिकारियों ने बच्चों को साइबर क्राइम से बचाव, गलत संगत से दूरी, व्यक्तिगत सुरक्षा, सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग और किसी भी समस्या को समय पर परिजनों व पुलिस को बताने के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में मॉडल स्कूल के प्राचार्य दिनेश लोधी तथा रानी अवन्तिबाई स्कूल के संचालक मनीष लोधी भी उपस्थित रहे। दोनों संस्थाओं ने पुलिस विभाग के इस प्रयास की सराहना की और बच्चों को सतर्क रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल व प्रेरक तरीके से जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। अभियान से बच्चों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सकारात्मक व सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

## वायरल वीडियो से भड़की नाराज़गी: गहोई/ब्राह्मण समाज थाने पहुंचे, चंदन पर एफआईआर की मांग



**पिछोर।** कृषि उपज मंडी पिछोर में दो दिन पूर्व का वीडियो वायरल होने के बाद गहोई समाज और ब्राह्मण समाज में भारी नाराज़गी फैल गई। वायरल वीडियो में चंदन सिंह लोधी द्वारा दोनों समाजों के लिए अभद्र भाषा का उपयोग करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। इसी को लेकर दोनों समाज एकजुट होकर थाने पहुंचे और आरोपी पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की। गहोई समाज के अध्यक्ष मनीराम गुप्ता ने कहा कि चंदन सिंह ने सार्वजनिक स्थान पर गालीझगलौज की, जिससे समाज आहत है। उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। वहीं ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि हिरदेश पाठक ने कहा कि वीडियो में दी गई धमकियाँ और अभद्र टिप्पणी कानूनन अपराध है। उन्होंने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करके तुरंत गिरफ्तारी की मांग रखी। दोनों समाजों ने संयुक्त रूप से थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा और आरोपित पर कड़ी कार्रवाई करने की अपील की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और वीडियो की सत्यता की परख कर रही है।

## मुनिश्री के सानिध्य में श्री सुधा सागर प्रीमियर लीग का हुआ उद्घाटन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र थूवोनजी में पहली बार किसी साधु के सानिध्य में क्रिकेट की स्पर्धा का आयोजन देखने को मिल रहा है। खेल भी हमारे जीवन के अंग हैं और खेलों में भी हमारा भविष्य है। इसे हम कैरियर के रूप में भी अपनाए इसी तरह के उद्देश्य को लेकर यहां पूज्य मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में श्री सुधा सागर प्रिमीयर लीग का शुभांरभ किया गया है जिसमें 16 टीमें भाग ले रही हैं। जहां इस लीग के पहले सुधामय सभा मंडप में भव्य सं सांस्कृतिक कार्यक्रम की विभिन्न प्रस्तुतियां सर्वोदय विद्यासागर पाठशाला अशोकनगर व आचार्य श्री विद्यासागर शान्ति नगर की बेटियों द्वारा किया गया। इसके साथ ही आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन के साथ सभी क्षेत्रों के प्रमुख जनो दारा सम्मान किया गया।

**अपने अंदर जूनून पैदा करो जिससे सफलता आपके कदमों में होगी** इस अवसर पर स्पर्धा से पहले धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव राष्ट्रसंत श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि तुम तीर्थ के दुख से दुखी हो जाओ तो कुछ ज्यादा बढ़ी बात नहीं है होता रहता है यदि तीर्थ तुम्हारे दुःख से दुःखी हो गया तो तुम्हारा संकट दूर होगा ही । यह तीर्थ क्षेत्र ऐसी ऊर्जा के केन्द्र है आप जितनी इच्छा करेंगे ये आपको देते रहेंगे। इसके लिए आपको अपने अंदर जूनून पैदा करना होगा जिस चीज में जूनुन हो जायें तो बूढा भी जवान हो जाता है। मैं विश्वास दिला सकता हूं कि जूनून बाले व्यक्ति को सफलता मिलती ही है

**किसी भी तीर्थ पर संकट आयें तो सब साथ दे** उन्होंने कहा कि जब तुम्हारे मन में भाव आयें किसी तीर्थ क्षेत्र पर संकट आया तो आप कहेंगे वह के लोग निपट लेंगे ऐसे में सब तीर्थ खत्म हो जायेगा। जिस तरह आपके दोस्त पर संकट आया तो थोड़ा फिलिंग हुए तो आप कुछ कर सकते हैं फोन करेंगे यदि रिश्ते दारी में किसी पर संकट आ गया तो ननिहाल में संकट आ गया तो तो उसे दूर करने का प्रयास करते हैं। यदि कुटुम्ब पर संकट आ गया तो तो ऐसा लगता है कि कैसे भी पहुंच जायें यदि घर पर कार्यक्रम आ जाए तो ऐसी मेहनत करोगे मैं खुद अपना ही कार्य कर रहा हूं। रिलेशनशिप में संकट आ जाए तो रोटी भी मुश्किल से आप खाते हैं। आप का धर्म से तीर्थ क्षेत्र से गुरु से कौन-सा संबंध है आपको टिक मार्क करना है आपको मंथन करना है। यदि किसी तीर्थ क्षेत्र पर मेला होता है तो पहले सब जाते थे आज ये परम्परा समाप्त हो रही है इसको जीवित करना चाहिए इससे आपस मे भाई चारा बढ़ेगा।



## पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड की गई आयोजित

**अशोकनगर।** मंगलवार को प्रातः पुलिस लाइन अशोकनगर स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। परेड का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर द्वारा परेड की सलामी लेकर किया गया। सलामी उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर ने प्लाटून-वार परेड निरीक्षण कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्न आउट, परेड मुद्रा, वर्दी की स्वच्छता, परेड की शुद्धता एवं अनुशासन का गहन मूल्यांकन किया। परेड में उत्कृष्ट टर्न आउट प्रदर्शित करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुरूष्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, कमी वालों को सुधार करने की समझाइश दी गई। वहीं जिन कर्मचारियों के टर्न आउट में कमी पाई गई,आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

इसके बाद सभी प्लाटून कमांडरों द्वारा अपने-अपने प्लाटून को एकल स्वरूप में परेड अभ्यास कराया गया, जिसमें सलामी की मुद्रा, दाएँ-बाएँ देख, पथ क्रम एवं संयुक्त संचालन जैसी महत्वपूर्ण परेड प्रक्रियाओं का विस्तृत अभ्यास कराया गया। आज की परेड की विशेषता यह रही कि नियमित परेड अभ्यास के साथ-साथ पुलिस बल को फील्ड ड्यूटी में आवश्यक कौशल को ध्यान में रखते हुए वीआईपी ड्यूटी तथा कानून-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली रस्सा पार्टी की तकनीकों का भी विशेष अभ्यास कराया गया। रस्सा पार्टी अभ्यास के दौरान बल को भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील परिस्थितियों में सुरक्षित मूवमेंट, असामाजिक तत्वों की रोकथाम एवं त्वरित कार्यवाही संबंधी विधियों पर प्रशिक्षित किया गया, जिससे बल की व्यावहारिक क्षमता और अधिक सशक्त हो सके। परेड का संचालन सूबेदार अजीत सिंह द्वारा दक्षतापूर्वक किया।

### अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया

## विधायक ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से की मुलाकात, जाने हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



स्थानीय विधायक इंजी हरिबाबू राय ने जिला अस्पताल का भ्रमण किया। जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर को जल्द अवगत कराया जाएगा। इंजी. हरिबाबू राय अशोकनगर जिला अस्पताल में लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं, संसाधनों की कमी और आमजन को हो रही गंभीर परेशानियों को लेकर नाराजगी जताई है।

जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर के चालू नहीं होने से घायलों को नहीं मिल रही हैं सुविधाएं

जिला अस्पताल अशोकनगर में 4 करोड़ रूपए की लागत से सांसद सिंधिया द्वारा ट्रामा सेंटर भवन का निर्माण कराया गया था इस भवन को दो दो बार उदघाटन भी हुआ लेकिन आज तक यह भवन चालू नहीं हुआ है। जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले मरीजों को इस ट्रामा सेंटर का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान विधायक ने कहा कि जिला अस्पताल में सबसे अधिक एक्सीडेंटल केस आते हैं। इसके लिए प्रदेश भर के शासकीय जिला चिकित्सालयों में सरकार द्वारा ट्रामा सेंटर बनाए गए थे। प्रदेश का एकलौता अशोकनगर का ट्रामा सेंटर जिसका उदघाटन दो दो नेताओं ने किया लेकिन उसके बाबजूद भी जिस सुविधा के लिए बनाया गया था ट्रामा सेंटर संबंधित कोई भी सुविधा मरीजों को नहीं मिल सकी है। उन्होंने कहा कि ट्रामा सेंटर का भवन बनने के बाद और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए फण्ड और उपकरण भी प्राप्त हुए उसके बाद भी जिला अस्पताल का ट्रामा सेंटर चालू नहीं हो सका। यह भी जिला अस्पताल का दुर्घभाग्य है कि क्षय रोगी टीवी के मरीज उपचार कराते हैं यह छुआछूत की बीमारी है जिससे अन्य रोगियों को भी इससे खतरा रहता है। जिला चिकित्सालय में इन रोगियों के उपचार के लिए अलग से वार्ड नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले की अस्पताल में रोगी आए दिन शिकायत करते हैं कि यहां पर उन्हें जो डॉक्टरों द्वारा दवाईयां लिखी जाती हैं उनमें से कई दवाईयां रोगियों को नहीं मिलती है उन्हें बाजार से उक्त दवाईयां खरीदनी पड़ती है। मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री और जिले के कलेक्टर से मांग करता हूं कि ट्रामा सेंटर को चालू करना अति आवश्यक है।

### जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 25 को होगा

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड म.प्र. भोपाल के तत्वाधान में अशोकनगर जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज 2025 का आयोजन 25 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पठार अशोकनगर में किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वनमण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल अशोकनगर ने बताया कि क्विज में भाग लेने के लिए अशोकनगर जिले के विभिन्न स्कूली के कक्षा 9वीं से 12वीं के योग्य छात्राओं की एक स्कूल से एक जैव विविधता टीम स्कूलों के प्राचार्य द्वारा गठित की जायेगी। यह टीम जिला स्तर पर आयोजित जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज 2025 में भाग लेगी। जिला स्तरीय जैवविविधता क्विज 2025 में प्रथम चरण में जिला स्तर पर लिखित क्विज परीक्षा होगी। जीतने वाले छात्रों की टीम को जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए आपने। जिला स्तर पर चयनित टीम राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज 2025 के आयोजन 12 दिसम्बर 2025 में भाग लेगी।

### दमकल की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

## बुनकर के मकान में भीषण आग से लाखों का नुकसान, गृहस्थी का सामान भी जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





चन्देरी नगर के वार्ड क्रमांक 16 आदिवासी मोहल्ला में एक चंदेरी साड़ी के व्यापारी भागीरथ उर्फ डग्गी कोली के घर में अचानक आग लग गई। सुबह-सुबह अचानक हुई घटना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। लेकिन तब तक व्यापारी का लाखों रुपए का नुकसान हो चुका था। आग लगने का कारणों का पता लगाया जा रहा है।

घटना उस समय हुई जब घर में कोई भी मौजूद नहीं था। पूरा परिवार ग्वालियर में किसी रिश्तेदार के मांगलिक कार्यक्रम में गया हुआ था। सुबह करीब 10 बजे अचानक घर से धुआं निकलता दिखा। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकलने लगीं। आसपास मौजूद लोगों और पड़ोसियों ने यह नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में लोगों शोर मचाया और खुद से आग बुझाने के जतन शुरू किए। घर का दरवाजा तोड़कर आग बुझाने की कोशिश की। पास के ट्यूबवेल और बाल्टियों से जैसे-तैसे आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। लेकिन ज्यादा कामयाबी नहीं मिल सकी। इसके बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर के अंदर रखी दर्जनों कीमती चंदेरी साड़ियां, रंगाई-पुताई का सामान, कपड़े, बिस्तर, फर्नीचर और अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो चुका था। आग इतनी भयानक थी कि घर की दीवारें तक चटक गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। खबर लिखे जाने तक सटीक आंकड़ा स्पष्ट नहीं हो सका था, क्योंकि मकान मालिक तब तक घर नहीं लौटे थे।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमूसर निवासी शाहकुंवर बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोशन,मलखान, माखन और करतार यादव ने घर में घुसकर उसके लड़के से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगदा बलदेवपुर निवासी जसपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र, कृपाण और राजपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से महेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जसपाल, जहारसिंह, जीवन सिंह, और जीतू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## 3 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में अशोकनगर की डॉ. योग्यता भार्गव को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी, संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा ओंकारेश्वर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी दिनांक 15 से 17 नबम्बर का समापन सोमवार को हुआ। जिसमें अशोकनगर की डॉ योग्यता भार्गव दुबे ने सहभागिता की और अपने शोध पत्र पारधी जनजाति की। गणरा-गणरी परम्परा का वाचन किया और प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान प्राप्त किया।

डॉ. भार्गव दुबे पिछले कई वर्षों से पारधी जनजाति की जीवन संस्कृति और उनकी परंपराओं पर कार्य कर रही हैं। इस संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र में प्रो कुलदीपचंद्र अग्निहोत्री, रामप्रसाद और आशुतोष भटनागर के करकमलों से हुआ। इन तीन दिनों में नौ तकनीक सत्र में ना केवल शोधपत्रों का वाचन हुआ बल्कि वंशावली विरूदावली संधारणों द्वारा वाचन प्रस्तुति भी की गयी। शोधपत्रों में सूर्य चंद्र की वंशावली, रामायण और महाभारत में वर्णित वंशावली, भील भिलाला गोंड आदि जनजातियों की वंशावली, राजाबली परम्परा, आल्हाखंड और बरोट विरूदावली पर चर्चा हुई।

यहाँ वंशावली संधारकों यथा भाट, चारण डक्कलवार, सूत, राव और हेलवी पर चर्चा की गयी। उनकी वेशभूषा पोथी लेखन कागज, कलम स्याही, बाइंडिंग और संरक्षण के तरीको पर विस्तृत चर्चा हुई।

शोधपत्रों के माध्यम से यह ज्ञात हुआ कि केवल सवर्णों की ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत में प्रत्येक वर्ण एवं जाति में वंशावली लेखन की परम्परा है उनके अपने पंडे, राव, भाट या अन्य कोई अन्य वंशावली संधारक होते हैं। महिलाओं का नाम ना केवल वंशावलियों में होता है बल्कि महिलाएं भी वंशावली वाचन का कार्य करती हैं। प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंदकुमार, विचारक आशुतोष भटनागर एवं निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे की उपस्थिति में देशभर के 54 से अधिक विद्वानों ने सहभागिता की।